Important Questions Class 8 Hindi Chapter 6 यह सबसे कठिन समय नहीं

प्रश्न-1 ‘यह कठिन समय नहीं है’ कविता की कवयित्री का नाम क्या है?

उत्तर – ‘यह कठिन समय नहीं है’ कविता की कवयित्री का नाम जया जादवानी है।

प्रश्न-2 ‘यह सबसे कठिन समय नहीं है’ यह पंक्ति हमें क्या संदेश देती है?

उत्तर – इस कविता में कवयित्री ने विषम परिस्थितियों में भी हार न मानने का संदेश दिया है।

प्रश्न-3 ‘अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है गंतव्य तक’ का आशय क्या है?

उत्तर – ‘अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है गंतव्य तक’ का आशय है कि लेखिका को विश्वास है कि कोई न कोई रेलगाड़ी उन्हें उनके मंजिल तक जरूर पहुँचाएगी।

प्रश्न-4 ‘झरती हुई पत्ती थामने को बैठा है हाथ एक’ से कवयित्री का क्या आशय है?

उत्तर – ‘झरती हुई पत्ती थामने को बैठा है हाथ एक’ से कवयित्री का आशय है कि आज भी समाज में लोग एक-दूसरे की मदद करने को तत्पर रहते हैं।

प्रश्न-5 ‘अभी भी स्टेशन पर भीड़ है’ इस कथन के द्वारा कवयित्री क्या कहना चाह रही है?

उत्तर – ‘अभी भी स्टेशन पर भीड़ है’ इस कथन के द्वारा कवयित्री यह कहना चाह रही है कि लोग अपने जीवन की कठिनाईयों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुँचने के लिए प्रत्यनशील हैं।

प्रश्न-6 चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है? वह तिनकों का क्या करती होगी? लिखिए।

उत्तर – चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में है क्योंकि सूरज डूबने ही वाला है और सूरज डूबने से पहले चिड़िया अपने लिए घोंसला बनाना चाहती है। वह तिनकों से अपने लिए घोंसला तैयार करती है।

प्रश्न-7 “यह कठिन समय नहीं है?” यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर – यह बताने के लिए कवि ने निम्नलिखित तर्क दिए हैं-

(i) अभी भी चिड़िया की चोंच में तिनका दबा है।

(ii) एक हाथ झड़ती हुई पत्ती को थामने के लिए बैठा है।

(iii) अभी भी एक रेलगाड़ी गंतव्य तक जाती है।

https://www.evidyarthi.in/

(iv) कथा का अखिरी हिस्सा बूढ़ी नानी सुना रही है जिसमें अभी भी एक बस अंतरिक्ष के पार की दुनिया से बचे हुए लोगों की खबर लाएगी।

(v) अभी भी कोई किसी को कहता है कि जल्दी आ जाओ, सूरज डूबने का समय हो चला है।

प्रश्न-8 किस बात की प्रतीक्षा कर रहा होगा कोई?

उत्तर – कोई सूरज डूबने की प्रतीक्षा कर रहा होगा।

प्रश्न-9 क्या एक बस अभी आती है?

उत्तर – जी हाँ, एक बस अभी आती है।

प्रश्न-10 क्या बचे हुए लोगों की खबर लाएगी वह बस?

उत्तर – जी हाँ, वह बस बचे हुए लोगों की खबर लाएगी।

https://www.evidyarthi.in/